भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

परिपत्र संख्या : 64/2022

दिनॉक : 11 अप्रैल, 2022

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

विषयः वर्ष 2022–2023 हेतु कार्यक्रमों की अनुसूची।

महोदय/महोदया,

वर्ष 2022–2023 के लिए कार्यक्रमों की अनुसूची (युवा कार्यक्रम एवं वयस्क प्रशिक्षण कार्यक्रम) को राष्ट्रीय कार्यक्रम समिति एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षण समिति द्वारा 29 से 31 मार्च, 2022 तक राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित अपनी बैठक में विधिवत अनुमोदित किया गया है, आपकी जानकारी और आवश्यक कार्यवाही हेतु यहाँ संलग्न है।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2022–2023 के लिए स्काउटिंग/गाइडिंग गतिविधियों के लिए युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से भोजन तथा आवासीय व्यय एवं यात्रा खर्चों को प्रतिभागियों को देने के लिए अनुदान सहायता की आवेदन किया है। जब तक हमें सरकार से सहायता अनुदान नहीं मिलता है, तब तक कार्यक्रम में प्रतिभागियों से राशि एकत्रित कर आयोजित किए जाएंगे।

जब राष्ट्रीय मुख्यालय को सरकार से अनुदान प्राप्त हो जाता है, तो संबंधित आयोजन में भाग लेने वाले राज्य संघों को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 70/– रूपये भोजन व्यय एवं यात्रा व्यय 550/–(अधिकतम) प्रति व्यक्ति की दर से सब्सिडी की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

हम राज्य संघों से अनुरोध करना चाहते हैं कि कृपया स्व–वित्तपोषित के आधार पर राष्ट्रीय मुख्यालय, राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र/क्षेत्रीय मुख्यालयों द्वारा आयोजित क्षेत्रीय/राष्ट्रीय युवा कार्यक्रमों एवं वयस्क प्रशिक्षण शिविरों में प्रतिभागियों की प्रतिनियुक्ति करें और युवा एवं वयस्क प्रशिक्षकों को सुविधा प्रदान करें। कृपया भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पचमढ़ी और संबंधित क्षेत्रीय मुख्यालयों से आधिकारिक सूचना/परिपत्र प्राप्त होने पर ही कार्यक्रमों, गतिविधयों और प्रशिक्षण शिविरों के लिए अपने राज्य से प्रतिभागियों की प्रतिनियुक्ति करें।

किसी भी कार्यक्रम को प्रायोजित करने के इच्छुक राज्य संघ हमें लिख सकते हैं।

यदि आपके कोई सुझाव हैं, तो कृपया इसे विचार के लिए राष्ट्रीय मुख्यालय को अग्रेषित करें।

वर्ष 2022–2023 के कार्यक्रमों की अनुसूची को बीएसजी वेबसाइट **<u>www.bsgindia.org</u>** पर भी देखा जा सकता है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

कृष्णास्वामी

(कृष्णास्वामी आर.)
कार्यवाहक निदेशक

संलग्नकः कार्यक्रम की अनुसूची 2022–23

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309।
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब जिला संघ एवं सी स्काउट/गाइड सहायक इकाई को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन सहित।